an>

Title: Regarding menace caused by monkeys in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद । यह मुद्दा किसानों से जुड़ा हुआ है। ...(व्यवधान) हिमाचल प्रदेश में बंदरों की समस्या बहुत ही गंभीर होती चली जा रही है। ...(व्यवधान) जहाँ एक ओर पूरे देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश में बंदरों की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गयी है। ...(व्यवधान) आज किसान अपनी खेती-बाड़ी छोड़ने पर मज़बूर हो गये हैं। ...(व्यवधान) कई कारणों से उनसे मुक्ति नहीं पायी जा सकती है। ...(व्यवधान) मुझे लगता है कि कानून में संशोधन करने की आवश्यकता है। ...(व्यवधान) जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार वहाँ पर थी, तो प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किये। ...(व्यवधान) वहाँ पर उनके लिए नसबंदी केन्द्र भी खोले गये। उनको पकड़ने के लिए राशि भी दी गयी। ...(व्यवधान) लेकिन उसके बावजूद इस समस्या से निज़ात नहीं मिल पायी है। ...(व्यवधान) मैंने कई बार व्यक्तिगत तौर पर केन्द्र सरकार को लिखा है कि कानून में संशोधन करके वहाँ के किसानों को बंदरों से मुक्ति दिलायी जाए। ...(व्यवधान) जब वहाँ पर्यटक जाते हैं, तो सड़कों के किनारे उनके खाने के लिए ब्रेड फेंक देते हैं। ...(व्यवधान) बंदर जंगलों से निकलकर सड़कों और खेतों के क्षेत्रों में आ गये हैं। ...(व्यवधान) गांवों में महिलाएँ अपनी रसोई में भी नहीं जा सकती हैं। ...(व्यवधान) वे रसोई के अंदर आकर वहाँ से रोटी उठाकर चले जाते हैं। बच्चों के कपड़े फाड़ देते हैं। ...(व्यवधान) बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। यदि पूरे हिमाचल प्रदेश में बंदरों का आतंक फैला है, तो इसके लिए केन्द्र सरकार के कानूनों में बदलाव लाने की आवश्यकता है। ...(व्यवधान) आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि उसमें संशोधन करें और बंदरों के आतंक से हिमाचल प्रदेश को मुक्ति दिलाएँ। आपका बहुत-बहुत आभार। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.59 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.01 hrs

The Lok Sabha re-assembled One Minute past Fourteen

of the Clock.

(Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Mr. Deputy-Speaker Sir, we have already given a notice for Adjournment Motion on bringing back black money....(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: The hon. Minister has said that they are ready to take it up for discussion.

...(*Interruptions*)

14.02 hrs

At this stage, Shri Kalyan Banerjee, Shri Rajeev Satav and

some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)